NT>

Title: Need to formulate time-bound programmes for linking villages by metalled road in different States particularly in Bihar − Laid.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : अध्यक्ष महोदय, माननीय अध्यक्ष जी, भारत जैसे देश का विकास ग्रामों के विकास से ही जुड़ा है। ग्रामों के पिछड़ेपन की अनदेखी कर देश के विकास का स्वप्न निराधार है। देश में भौगोलिकरण व उदारीकरण की औद्योगिक नीति की घोणा के विकास के लिए सड़क मार्ग की अहम भूमिका बन गई है। इसी कारण सरकार ने देश के महानगरों को आपस में जोड़ने तथा देश के उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम को परस्पर जोड़ने के लिए सड़क मार्गो के विकास की योजना क्रियान्वयन का गत वार्ो में निर्णय लिया था, उसका मैं स्वागत करता हूं। किंतु, उपरोक्त योजनाएं देश के विकास के लिए तब तक अधूरी ही साबित होगी जब तक देश के ग्रामों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने का काम पूरा नहीं होता। सरकार ने इस ओर ध्यान दिया है, किंतु योजना क्रियान्वयन समयबद्ध नहीं है। मेरे राज्य बिहार में तो इस योजना के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि देश में ग्राम सड़क योजना को क्रियान्वयन करने के लिए देश के प्रत्येक राज्य के लिए समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करें और इस कार्यक्रम को क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकारों को वचनबद्ध करे।